This Question Paper contains 3 Printed Pages.

**01H(A)**

# HINDI, Paper-I

*(First language)*

**Parts A and B**

**Time : 2 hours 45 min.]** **[Maximum Marks : 40**

सूचनाएँ :

(1) कुल अवधि 2 घंटे 45 मिनट में से, 15 मिनट का समय प्रश्नपत्र को पढ़ने एवं समझने के लिए निर्धारित किया गया है।

(2) **पार्ट- 'A'** के प्रश्नों के उत्तर अलग उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।

(3) **पार्ट - 'B'** के प्रश्नों के उत्तर उसी प्रश्न-पुस्तिका में लिखिए और उसे **पार्ट - 'A'** की उत्तर-पुस्तिका के साथ जोड़िए।

---

## Part - A

**Time : 2 hours** **Marks : 30**

**I.** **अर्थग्राह्यता - प्रतिक्रिया ( 12 अंक )**

**1.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** पद्य का प्रतिपदार्थ लिखिए। *1×4=4*

( अ ) मोरन को सोर घनघोर चहुँ ओरन,

हिंडोरन को बृंद छवि छावनो लगत है।

नेह सरसावन में मेह बरसावन में,

सावन में झूलिबो सुहावनो लगत है॥

*या*

( आ ) बहु धनुही तोरी लरिकाई ,

कबहुँ न असि रिस कीन्ही गोसाई॥

येहि धनु पर ममता केहि हेतू।

सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतु॥

$1 \times 4 = 4$

2. निम्न में से ***किसी एक*** पद्य का भावार्थ लिखिए।

(अ) सुर लोक है यही पर, सुख-ओक है यही पर,
स्वाभाविकी सुजनता गत-शोक है यही पर
शुचिता, स्वधर्म जीवन, बे रोक है यही पर
भव मोक्ष का यही पर अनुभव भी आ रहा है।

***या***

(आ) बेबस गिरे हुओ के, तू बीच में खड़ा था।
मैं स्वर्ग देखता था, झुकता कहाँ चरण में॥
तूने दिये अनेको अवसर, न मिल सका में।
तू कर्म में मगन था, मैं व्यस्त था कथन में॥

$4 \times 1 = 4$

3. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

कला का अभिप्राय है – किसी भी काम को अनोखे, अनुपम व सौन्दर्यपूर्ण ढंग से करना। कहा जाता है कि कला-कला के लिए होती है। कोई भी वस्तु अनोखी तभी हो सकती है जब उसमें विलक्षण सुंदरता हो। अतः कला में सौन्दर्यानुभुति का विशेष स्थान होता है।

**प्रश्न :-**

(1) कला का क्या अभिप्राय है?

(2) कला किसके लिए होती है?

(3) कोई भी चीज विशिष्ट कब होती है?

(4) सौन्दर्यानुभूति का संधि-विच्छेद कीजिए।

**II. अभिव्यक्ति – सृजनात्मकता : ( 18 अंक )**

*4×2=8*

( अ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *4 या 6* वाक्यों में लिखिए।

**4.** शीला अग्रवाल से लेखिका कैसे प्रभावित हुई?

**5.** लड़की होना पर लड़की जैसी मत दिखना, माँ ने ऐसा क्यों कहा?

**6.** विशेष आवश्यकता वालों को सफलता प्राप्ती हेतु किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?

**7.** बच्चों के लिए स्वतंत्र वातावरण का क्या औचित्य है?

( आ ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *8 या 10* वाक्यों में लिखिए। *2×5=10*

**8.** पाठ के आधार पर राम, लक्ष्मण, परशुराम के संवादों का तुलनात्मक विवेचन कीजिए।

*या*

चश्मेवाला सच्चे अर्थों में देश भक्त था, स्पष्ट कीजिए।

**9.** पाठ के आधार पर हनुमानदास का चरित्र चित्रण अपने शब्दों में कीजिए।

*या*

साहसी और कर्मवीर व्यक्ति ही निर्विघ्न रूप से लक्ष्य तक पहुँचते है – कवि का आशय स्पष्ट कीजिए।

---

This Question Paper contains 4 Printed Pages.

**01H(B)**

# HINDI, Paper-I

*(First language)*

**Parts A and B**

**Time : 2 hours 45 min.]** **[Maximum Marks : 40**

सूचनाएँ :

(1) उत्तर प्रश्नपुस्तिका में ही लिखिए।

(2) उचित अक्षर A, B, C, D चुनकर कोष्ठक में लिखिए।

(3) बदले हुए और काटे हुए उत्तरों को अंक **नहीं** दिये जायेंगे।

(4) **पार्ट - 'B'** लिखने के पश्चात् उसे **पार्ट - 'A'** की उत्तर-पुस्तिका के साथ बाँध दें।

## Part - B

***Time : 30 minutes*** ***Marks : 10***

**III. भाषा की बात।**

**1.** लड़की अभी सयानी नहीं थी।

रेखांकित शब्द का अर्थ पहचानिए। [ ]

(A) सुन्दर

(B) समझदार

(C) स्त्री

(D) नासमझ

**2.** विशिष्ट व्यक्तियों को -------- की अपेक्षा अधिक सम्मान मिलता है।

रेखांकित शब्द के विलोम को चुनकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। [ ]

(A) आवश्यक

(B) सामान्य

(C) महिमावान

(D) विशेष

3. समय के चक्र को कोई भी रोक नहीं सकता।
'चक्र' के भिन्नार्थ पहचानिए - [ ]
(A) चाक, चाल
(B) पहिया, चाल
(C) घेरा, पहिया
(D) भंवर, चालाकी

4. '<u>उर</u>' पर विशाल-सरिता;
रेखांकित शब्द के पर्यायवाची पहचानिए - [ ]
(A) माला, हार (B) लघु, विशाल
(C) हार्दिक, हृदय (D) छाती, हृदय

5. 'सपना' का तत्सम रूप होगा ---- [ ]
(A) सपन (B) स्वप्न
(C) सोपोन (D) स्वपन

6. 'अंधकार' का तद्भव रूप होगा ---- [ ]
(A) आदारा (B) अंधेरा
(C) अंधा (D) अंधापन

7. योगरूढ़ शब्द पहचानिए - [ ]
(A) लम्बोदर (B) विद्यालय
(C) पुस्तकालय (D) वाचनालय

8. "विजीत" और अनपेक्षित में उपसर्ग छांटिए - [ ]
(A) विज-अन (B) वि-अन
(C) वि-अन् (D) वि-अनु

9. 'ईय' प्रत्यय वाला शब्द पहचानिए - [ ]
(A) संपादकी (B) राष्ट्रीय
(C) चालाकी (D) धनुंजय

**10.** बकरी घास चर रही है।

रेखांकित का लिंग ------ है। [ ]

(A) पुल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) नपुंसक लिंग

(D) द्विलिंग

**11.** यह राम का घर है।

रेखांकित शब्द का बहुवचन ------ है। [ ]

(A) घरा

(B) घरो

(C) घर

(D) घरें

**12.** उचित संधि-विच्छेद शब्दों को चुनिये। [ ]

(A) सर्वे + उदय

(B) सर्व + उदेय

(C) सर्व + ऊदय

(D) सर्व + उदय

**13.** ''विसर्ग संधि'' का एक उदाहरण --------- है। [ ]

(A) देवगुण

(B) सर्वगुण

(C) दुर्गुण

(D) अवगुण

**14.** हेलेन केलर जन्म से अंधी थी।

रेखांकित शब्द किस समास का उदाहरण है? [ ]

(A) कर्मधारय समास

(B) द्विगु समास

(C) तत्पुरुष समास

(D) अव्ययीभाव समास

**15.** विष्णु चक्र को धारण करने वाले भगवान है।
रेखांकित शब्द का सामासिक शब्द - [ ]
(A) गिरधारी (B) चक्रपाणी
(C) चक्रधारी (D) छत्रधारी

**16.** युग्म शब्द की दृष्टि से यह शब्द सही है - [ ]
(A) कृषि-खेल (B) कृषि-कर्म
(C) कृषि-गार (D) कृषि-भ्रम

**17.** महानगरों ------ बच्चों ------ खेलने ----- जगह सिकुड़ती जा रही है।
सही कारक पहचानिए - [ ]
(A) के, में, में (B) में, के, में
(C) में, के, की (D) की, में, के

**18.** और रस और रीति और राग और रंग।
यह वाक्य किस अलंकार का उदाहरण है? [ ]
(A) रूपक अलंकार (B) यमक अलंकार
(C) उपमा अलंकार (D) अनुप्रास अलंकार

**19.** संत कबीर के -------- बहुत मशहूर है। [ ]
(A) छंद (B) चौपाइयाँ
(C) दोहे (D) कविताएँ

**20.** चोर चकमा देकर नौ दो ग्यारह हो गया।
रेखांकित मुहावरे का सही अर्थ चुनिए - [ ]
(A) निकल गया
(B) भाग गया
(C) कूद गया
(D) छिप गया

---